# कोटा मंडल के 74वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी, रेल सेवा पुरस्कार समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल का 74वाँ स्थापना दिवस बुधवार को मेनाल ऑफिसर्स क्लब, में अत्यंत उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न विभागो की ओर से रेलवे के कार्यो को दर्शाते हुए प्रदर्शनी लगाई गई, प्रदर्शनी का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने किया।

मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने कहा कि कोटा रेल मंडल की स्थापना के समय 1952 में जहां पर 55 की स्पीड पर ट्रेन चला करती थी, अब यह स्पीड 180 पहुंच गई है। कोटा रेल मंडल पर इस स्पीड पर ट्रेनों का ट्रायल हुआ हैं, उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर 74 साल की रिमरकेबल जर्नी है, हम आमजन को बताना चाहते हैं कि किस तरह रेलवे विकसित हुआ है पहले से तीन गुना ज्यादा स्पीड में ट्रेन चल चुकी है। 01 अप्रैल 1952 को पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत स्थापित कोटा मंडल आज पचहत्तरवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है




मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने 74वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

चौहत्तर वर्षों की इस यात्रा में मंडल ने भाप इंजन से विद्युत इंजन, एकल लाईन से दोहरी विद्युतीकृत लाईन, और मैन्युअल सिग्नल से कवच 4.0 स्वचालित सुरक्षा प्रणाली तक का ऐतिहासिक रूपांतरण देखा है।

आज यह मंडल देश का पहला ऐसा रेलवे मंडल है, जहाँ दिल्ली–मुंबई मुख्य रेल मार्ग के मथुरा से

■ **मंडल रेल प्रबंधक ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

नागदा तक पूरे पाँच सौ उनचास किलोमीटर पर कवच 4.0 पूर्णत: स्थापित है। प्रदर्शनी में विद्यार्थी एवं आमजन इस आयोजन में सहभागी बने और रेलवे की आधुनिक तकनीक एवं उपलब्धियों से सीधे परिचित हुए।

मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अंशु कालरा ने महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ प्रदर्शनी का भ्रमण किया तथा विभिन्न विभागों की स्टॉलों पर रेलवे की कार्यप्रणाली को निकट से समझा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में वाणिज्य, परिचालन, कार्मिक, रेलवे सुरक्षा बल, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, गति शक्ति यूनिट एवं निर्माण, सिग्नल एवं दूरसंचार, ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक शेड टीकेडी, ट्रैक्शन वितरण, ट्रैक्शन रोलिंग ऑपरेशन, यांत्रिक तथा विद्युत विभाग सहित कुल 13 स्टॉलें लगाई गई थीं।

प्रत्येक स्टॉल पर कार्यशील मॉडल्स, डिजिटल स्क्रीन और इंटरैक्टिव प्रदर्शनों के माध्यम से रेलवे की कार्यप्रणाली को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कवच 4.0 स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, अमृत भारत स्टेशन योजना, 2 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण, हाई स्पीड ट्रायल्स, रेल मदद ऐप तथा रेलवन ऐप जैसी आधुनिक उपलब्धियाँ फ्लेक्स, डिजिटल डिस्प्ले और लाईव मॉडल्स के माध्यम से प्रदर्शित की गईं। इस अवसर पर आयोजित 70वें रेल सेवा पुरस्कार सप्ताह के अंतर्गत पुरस्कार समारोह में कोटा मंडल के कुल 41 समर्पित कर्मचारियों को उनकी निष्ठा, परिश्रम एवं उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने इस कार्यक्रम को एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

# ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। ऑल इण्डिया रेलवेमेन पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन (एआईआरपीडब्ल्यूएफ) की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग बुधवार को कोटा जं स्थित कार्यालय मे सम्पन्न हुई। एआईआरपीडब्ल्यूएफ के सचिव डी के अरोड़ा व राजेश गौतम ने बताया कि वर्ष 2026 की मेंबरशिप को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा 4 अप्रैल को एआईआरपीडब्ल्यूएफ के पेटोर्न मुकेश गालव के जन्मदिवस अवसर पर आयोजित मेगा

स्वास्थ्य चेकअप केम्प व रक्तदान शिविर मे भागीदारी को लेकर व शिविर के सफल आयोजन को लेकर चर्चा आमंत्रित की गई। जिसमे उपस्थित सभी पदाधिकारियों व एक्जिक्यूटिव मेंम्बर्स ने उत्साह से भाग लिया।

3 व 4 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नि:शुल्क कैंसर जांच और परामर्श शिविर मय आवश्यक जांचों के लगाया जा रहा है जिसमें भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स और टेक्नीशियंस अपनी सेवाएं देते हुए मेमो ग्राफी, पेप स्मेयर टेस्ट, एक्सरे,सीए 125, पीएसए एवं अन्य रक्त आदि की जांच करेगे जिसमे महिला केंसर केयर प्रकोष्ठ, डब्ल्यूसीआरईयू व एआईआरपीडब्ल्यूएफ सहयोग प्रदान करेगे।

4 अप्रैल शनिवार को प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर कोटा कारखाना यूनियन कार्यालय, पुरोहित सभागार, सवाई माधोपुर तथा गंगापुर सिटी मे आयोजित किये जायेगे। इस बैठक मे अध्यक्ष जी.पी. सिंह ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करते हुए सभी के सुझाव आमंत्रित किए गये।

जिसमें उपाध्यक्ष आर.एन. सिंह, हरीश खांडेकर, डी.एन. शर्मा, अजय कपूर, पूनम रत्नानी, सुनीता मिश्रा, सीताराम, राकेश श्रृंगी, सतीश दीवानी, दिनेश पाठक, जे.के.पात्रे, ए.आर. खान आदि ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जी.पी. सिंह ने की तथा संचालन सचिव डी.के.अरोड़ा ने किया।

## सार-समाचार

### भाजपा का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। भाजपा के नगर, सेमली एवं बापचा मण्डल का प्रशिक्षण शिविर विधानसभा प्रभारी महावीर सिंह हाड़ा, छबडा नगर मण्डल प्रभारी हेमन्त नागर, सेमली मण्डल प्रभारी अमरसिंह भील, महामंत्री लक्ष्मीनारायण केरवालिया, जिला उपाध्यक्ष मुकेश केरवालिया एवं राहुल सिंघवी के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिनमें लगातार सीखने, आत्ममंथन करने व जनसेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सेद्वांतिक और व्यवहारिक विषयो पर समय समय पर अपेक्षित कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण होता है। साथ ही बताया कि किसी भी चुनाव में बूथ स्तर की मजबूती ही जीत की कुंजी होती है और कार्यकर्ता को अपने अपने बूथ पर सक्रिय रहकर मतदाताओ से निरंतर संपर्क बनाए रखना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में नगर मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र सुमन, सेमली मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद नागर, बापचा मण्डल अध्यक्ष हेमराज लोधा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, तीनो मण्डल महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोहे के पाईपों से भरा ट्रेलर पलटा, दो घायल

**कोटा,** (निसं)। सांगोद थाना क्षेत्र में लोहे के पाईपों से भरा ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया, अचानक हुए घटनाक्रम के चलते ट्रेलर में भरे लोहे के पाईप सड़क पर गिरते हुए पुलिया के पास बने दो मकानों के ऊपर गिर गये, हादसे में महिला सहित दो जने घायल हो गये। सांगोद थानाधिकारी अनिल गौतम ने बताया कि लोहे के पाईपों से भरा ट्रेलर इलाके के मंडिता पंचायत के गुड़ला गांव में बालाजी की पुलिया के समीप असंतुलित होकर पुलिया के किनारे पलटा खा गया। थानाधिकारी ने बताया कि ट्रेलर के पलटा खाने से ट्रेलर में भरे लोहे के पाईप गिरने से पुलिया के नीचे दो मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये, थानाधिकारी ने बताया कि अचानक हुए हादसे की चपेट में आने से एक महिला सुनीता बेरवा और एक जना मदनलाल घायल हो गये, दोनों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कोटा-पटना एक्सप्रेस अब 18.10 बजे ही चलेगी-22.10 बजे का पुनर्निर्धारण निरस्त

**कोटा,** (निसं)। गाड़ी संख्या 13238/13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस का प्रस्थान समय 22.10 बजे करने का पुनर्निर्धारण से निरस्त कर दिया गया है। अब यह गाड़ी कोटा से अपने सामान्य समय 18.10 बजे ही प्रस्थान करेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी का प्रस्थान समय पूर्ववत् 18.10 बजे बहाल हो गया है, परंतु मार्ग परिवर्तन पूर्व की भाँति जारी रहेगा। यह गाड़ी वाया कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जंक्शन द्व मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चलती रहेगी। इस दौरान दोनों गाड़ियों के कुछ स्टेशनों पर ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त रहेंगे। गाड़ी संख्या 13238 के लिए उन्नाव जंक्शन, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, अकबरपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, जौनपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा। वहीं गाड़ी संख्या 13240 के लिए लखनऊ, महाराजा बिजली पासी (निहालगढ़), सुल्तानपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा।

### मारपीट मामले में कार्यवाही की

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में एक कपड़े के शोरूम पर कार्यरत युवक द्वारा युवति से मारपीट का विडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने कार्यवाही की। गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि गुमानपुरा की एक कपडे की दुकान का वायरल विडियो सामने आया, मामले की जांच पर सामने आया कि दुकान में कार्यरत युवक ने दुकान में काम करने वाली युवति से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद मारपीट कर दी। मामले में युवक को शांति भंग में गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया।

## भंडारे का आयोजन आज

**कोटा,** (निसं)। श्री मंशापूर्ण हनुमान युवा सेवा समिति सूर्य नगर कोटा की और से हनुमान जन्मोत्सव एवं रामायण पाठ की पुर्णाहुति के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष सुरेश गोयल ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर प्रांगण, सूर्य नगर, न्यू कोटा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सुबह 6.30 बजे भगवान बालाजी का विधिवत अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान शिव (शंकर भगवान) का अभिषेक सम्पन्न होगा। उपाध्यक्ष राकेश कुमार मेघवाल ने बताया कि इसके उपरांत नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति की जाएगी। सायं 5.00 से विशाल आम भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें लगभग 10 से 15 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

# 'इसी माह पूरा करें पीएम ई-बस डिपो का काम'

**कोटा,** (निसं)। पीएम ई–बस डिपो का निर्माण कार्य इसी माह पूरा किया जाएगा। इसके लिए सभी एजेंसियां आपस में समन्वय बनाते हुए एक साथ काम करें। यह निर्देश आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बुधवार को सुभाष नगर में निर्माणाधीन पीएम ई–बस डिपो के निरीक्षण तथा वहां आयोजित समीक्षा बैठक के बाद दिए।

आयुक्त मेहरा ने बताया कि कोटा में ई–बसों के संचालन के लिए नगर निगम को सरकार से मई माह में बसें मिलने की संभावना है। इन बसों की पार्किंग और चार्जिंग के लिए सुभाष नगर में पीएम ई–बस डिपो का निर्माण करवाया जा रहा है।

इसके निर्माण के लिए मई माह तक की अवधि निर्धारित की गई है। गत 16 मार्च को भी निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर 15 अप्रेल तक

■ **आयुक्त ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण**

सिविल कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे।

उन्होंने बताया कि बुधवार को अब तक हुए कार्य का निरीक्षण करने के बाद वहीं स्थित एडमिन ब्लॉक में सभी संबंधितों के साथ बैठक की गई।

काम की धीमी गति धीमी को देखते हुए अब अलग–अलग कार्यों के लिए अलग–अलग समय अवधि निर्धारित कर दी गई है।

एडमिन ब्लॉक तथा जीएसएस का कार्य 15 अप्रेल तक, मेंटिनेंस बे का काम 20 अप्रेल तक तथा वर्कशॉप, बाउंड्री वॉल तथा प्रवेश व निकासी द्वार का काम 25 अप्रेल तक पूरा किया जाए।

चार्जिंग स्टेशन का काम भी साथ में करें–आयुक्त मेहरा ने बताया कि पूर्व में सिविल कार्य पूरा होने के बाद चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम किया जाना था।

लेकिन अब संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम भी अन्य कार्यों के साथ ही करें ताकि काम पूरा होने में देरी नहीं हो।

कर्मचारियों के लिए बनेंगी सुविधाएं–अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पीएम ई–बस डिपो परिक्षेत्र में कर्मचारियों के लिए सुविधाएं नहीं होने की बात भी सामने आई। इसे देखते हुए आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने वहां एक सुलभ शौचालय के निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## कोटा में जेसीआई का नया कॉर्पोरेट चैप्टर लॉन्च

**कोटा,** (निसं)। जेसीआई जोन–5 के अंतर्गत शहर में एक नए कॉर्पोरेट चैप्टर जेसीआई कोटा राइट एड्स का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और जोन स्तर के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को विशेष महत्व मिला। उद्घाटन समारोह में नेशनल वाइस प्रेसिडेंट एरिया डी जेसीआई सेन. राकेश नायर, जोन प्रेसिडेंट सीए बीके ढाढ और जोन वाईस प्रेसिडेंट शिवांक सिंह सोलंकी मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत चैप्टर प्रेसिडेंट ज्योति सिंह तथा संस्थापक, मेंटर व राईट एड्स कंपनी के डायरेक्टर हुकुम सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान चैप्टर टीम ने अपनी आधिकारिक वेबसाईट लॉन्च की। साथ ही बॉटल डिस्ट्रीब्यूशन शिपिंग प्रोजेक्ट का शुभारंभ भी नेशनल वाइस प्रेसिडेंट राकेश नायर के हाथों कराया गया। इस मौके पर नए सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें जेसीआई पिन पहनाकर सम्मानित किया गया।

**न्यायालय जिला न्यायाधीश, कोटा**
CM आवेदन संख्या 151/वर्ष 2025
मनीष उर्फ मनीष उपाध्याय पुत्र स्व. श्री सूर्य प्रकाश उपाध्याय उर्फ सूर्य प्रकाश शर्मा, निवासी- 5-एफ-26, महावीर नगर तृतीय, कोटा (राज.) 324005 ...प्रार्थी
**बनाम**
1. भोपाल को-ऑपरेटिव सेन्ट्रल बैंक लिमिटेड की शाखा गांधीनगर, भोपाल-462036 (मध्यप्रदेश), 2. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (पूर्व स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर) की शाखा नरसिंहगढ़-465669 (मध्यप्रदेश),
3. सर्वसाधारण आमजन .....प्रतिपक्षीगण
**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925**
**जनरल नोटिस**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने एक आवेदन धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है कि स्वर्गीय श्रीमती सुशीला देवी उपाध्याय पत्नी स्वर्गीय श्री शिव शंकर उपाध्याय, जाति ब्राह्मण निवासी मकान नं. 5-एफ-26, महावीर नगर तृतीय, कोटा, राज. 324005 में निवास करती थी की अनामित राशियों जिनका अनुमानित मूल्य रुपए 5,50,000/- है, के लिए उन के नाम उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया जाए।
यदि किसी व्यक्ति को आवेदकों के नाम उत्तराधिकार प्रमाण प्रमाण पत्र जारी करने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 28 माह 04 सन् 2026 को समय 8AM के पूर्व स्वयं अथवा अपने वकील जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो उपस्थित हो और अपनी आपत्तियाँ प्रस्तुत करें। उक्त तिथि तक आपत्तियाँ प्रस्तुत न होने पर प्रार्थी के पक्ष में निर्णय पारित कर दिया जाएगा।
यह आज दिनांक 23 मास 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
**मोहर अदालत**
**न्यायालय के आदेश से**
**रीडर**
**जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)**

# अपने वार्ड को आदर्श बनाने के लिए आमजन ने सुझाव दिए

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम कोटा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में वार्ड सभा के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।

जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं, महिलाओं व आमजन सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों ने अपने वार्ड को आदर्श बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भावना के अनुरूप 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निगम के सभी 100 वार्डों में 1 व 2 अप्रेल को वार्ड सभा के दूसरे चरण का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बुधवार को आयोजित वार्ड सभाओं में लोगों को अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए उनसें वर्ष 2030, 2035 तथा 2047 के अनुरूप वार्ड के विकास के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। आमजन ने वार्ड के आधारभूत ढांचे के विकास के साथ आसपास के वार्डों को सम्मिलित करते हुए विकास की समग्र कार्ययोजना के निर्माण के लिए अपने विचार रखे।

सुझाव पेटियों के माध्यम से भी दे सकते हैं सुझाव–अभियान के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त जवाहर लाल जैन ने बताया कि सभी वार्डों में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सुझाव पेटियां रखवाई गई हैं।

आमजन इन पेटियों के माध्यम से भी अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके अलावा एक गूगल फार्म भी तैयार किया गया है। इसके जरिए भी अपने सुझाव ऑनलाइन दर्ज करवाए जा सकते हैं।

तैयार हो रही वार्ड की डिजिटल प्रोफाईल–अभियान के दौरान प्रत्येक वार्ड की डिजिटल प्रोफाइलिंग भी की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड के लिए गूगल शीट तैयार की गई है जिसमें नगर निगम के अलावा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, केडीए, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग समेत करीब एक दर्जन विभाग अपने से संबंधित जानकारी तैयार कर रहे हैं। इस प्रोफाइलिंग के बाद वार्ड में उपलब्ध सुविधाओं और कमियों को एक नजर में देखा जा सकेगा।

# आरटीई प्रवेश में फर्जीवाड़े एवं अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**छबड़ा** (निसं)। प्रदेश में लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। किन्तु हाल के समय में इस व्यवस्था का बड़े स्तर पर दुरुपयोग सामने आ रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

महेंद्र मीणा प्रदेश प्रभारी राजस्थान प्राइवेट एजुकेशन महासंघ, ने आरोप लगाया कि कई सक्षम अभिभावक फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाकर स्वयं को आर्थिक रूप से कमजोर दर्शाते हुए आरटीई के तहत अपने बच्चों का प्रवेश निजी विद्यालयों में करवा रहे हैं। इसके चलते वास्तविक पात्र बच्चों को उनके अधिकार से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 36,000 से 1,00,000 तक के आय प्रमाण पत्रों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिनमें कई मामलों में बिना उचित सत्यापन के ही प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही एक और गंभीर मामला सामने आया है कि कई ई–मित्र संचालकों द्वारा अभिभावकों के दस्तावेजों में अवैध रूप से एडिटिंग कर पते में बदलाव, नाम एवं अन्य व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन, फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपलोड करना जैसी गतिविधियां की जा रही हैं। आरोप है कि कुछ ई–मित्र संचालक आरटीई में प्रवेश दिलाने के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूल कर रहे हैं, जो इस योजना की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। मीणा ने सरकार से मांग की है कि आरटीई के तहत हुए सभी प्रवेशों की विशेष जांच एवं पुन: सत्यापन कराया जाए। फर्जी आय प्रमाण पत्र जारी करने एवं सत्यापन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, शिक्षकों पर कडी कार्रवाई की जाए। दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने वाले ई–मित्र संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। फर्जी दस्तावेज बनवाने वाले अभिभावकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सरकारी नुकसान की वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक विस्तृत सूची तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंपी जाएगी, जिसमें ऐसे सभी मामलों का उल्लेख होगा, जहाँ गलत तरीके से आरटीई का लाभ उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरटीई योजना का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंद बच्चों तक पहुँचना चाहिए।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/02 **विज्ञप्ति** दिनांक : 1.4.2026
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड योजना ''जवाहर नगर'' खसरा नं. 41 में स्थित भूखण्ड संख्या जे-14 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्री गर्व गुप्ता पुत्र श्री जुगल किशोर एवं श्री जुगल किशोर पुत्र स्व. श्री बद्री लाल गुप्ता निवासी जे-14, जवाहर नगर, कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 1950 दिनांक 02.04.2003 को श्री बद्रीलाल गुप्ता पुत्र श्री मांगी लाल गुप्ता के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी की मृत्यु दिनांक 17.01.2025 को हो चुकी हैं। पट्टेधारी द्वारा आवेदको के पक्ष में अपंजीकृत वसीयत दिनांक 15.09.2018 को निष्पादित की गई है। उक्त अपंजीकृत वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर आवेदको द्वारा अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया हैं।
अतः श्री गर्व गुप्ता पुत्र श्री जुगल किशोर एवं श्री जुगल किशोर पुत्र स्व. श्री बद्री लाल गुप्ता के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/961 दिनांक : 1.4.2026
**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**
कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास /भूखण्ड संख्या-1522 आर.के.पुरम.ए योजना का नाम हस्तांतरण के पत्र कमांक 1501.02 दिनांक 25.09.2008 द्वारा श्री रणधीर सिंहं निर्वाण पुत्र श्री मान सिहं निर्वाण को आंवटित किया गया था। श्री रणधीर सिंह के द्वारा श्रीमती हेमन्त कुमारी गौत्तम पत्नि श्री छोटुलाल गौतम को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 25.05.2015 को श्री अमित गुप्ता पुत्र श्री अमोलक चन्द गुप्ता को कर दिया गया केता श्री अमित गुप्ता पुत्र श्री अमोलक चन्द गुप्ता अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास / भूखण्ड संख्या-1522 आर.के.पुरम.ए योजना का नाम हस्तांतरण श्री अमित गुप्ता पुत्र श्री अमोलक चन्द गुप्ता के नाम कर दिया जावेगा।
**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- 251 **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 1.4.2026
कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-29 चाणक्यपुरी योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-291 दिनांक 06.10.2003 द्वारा श्री अब्दुल कादर पुत्र श्री नूर मोहम्मद को आंवटन किया गया था। आंवटी श्री अब्दुल कादर पुत्र श्री नूर मोहम्मद द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास को जर्ये मुख्तारनाम आम दिनांक 04.03.2004 श्रीमती सविता सिन्धावा पत्नी श्री विजय नारायण सिन्धावा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा भी उक्त भूखण्ड को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.03.2026 श्री संदीय मीणा पुत्र श्री गजानन्द मीणा को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास की अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड / आवास संख्या-29 योजना चाणक्यपुरी का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्री संदीप मीणा पुत्र श्री गजानन्द मीणा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2327 **विज्ञप्ति** दिनांक : 30.03.2026
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम डडवाडा खसरा नं. 102, 103, 105 पुराना में स्थित कृषि भूमि योजना शान्ति नगर भूखण्ड संख्या NIL आवेदक/आवेदिका श्री हरीश कुमार पुत्र स्व. श्री किशन लाल माखीजानी एवं दीपक कुमार माखीजानी पुत्र स्व. श्री किशन लाल माखीजानी निवासी 87 गुरुकृपा सदन डडवाडा कोटा जं. राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 7976 दिनांक 02.07.2010 को पुष्पा देवी पत्नि श्री किशनलाल माखीजानी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 10.08.2025 तथा पति किशन लाल माखीजानी की मृत्यु दिनांक 20.12.2013 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पुत्र हरीश कुमार, दीपक कुमार माखीजानी, पुत्री गीता देवरानी, लीन गुरुबक्षानी है। वारिसान गीता देवरानी, गुरुबक्षानी द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 27.10.2025 को आवेदको के पक्ष में किया गया है।
अतः श्री हरीश कुमार पुत्र स्व. श्री किशन लाल माखीजानी एवं दीपक कुमार माखीजानी पुत्र स्व. श्री किशन लाल माखीजानी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योग कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/05 **विज्ञप्ति** दिनांक : 1.4.2026
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सकतपुरा खसरा नं. 211 में स्थित कृषि भूमि योजना विकास नगर भूखण्ड संख्या 51 आवेदक/आवेदिका श्रीमती संतोष कंवर पत्नि श्री रघुवीर सिंह नरूका निवासी 51 विकास नगर, नान्ता रोड कुन्हाडी कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 403 दिनांक 31.01.2013 को रामसिंह पुत्र श्री देवीसिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 19.12.2014 व पट्टाधारी की पत्नि भंवर कंवर की मृत्यु दिनांक 02.01.1973 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान श्रीमती संतोष कंवर है।
अतः श्रीमती संतोष कंवर पत्नि श्री रघुवीर सिंह नरूका के पक्ष में नाम हस्तान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योग कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

# सीएमएचओ ने 5 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र नागर ने बुधवार को एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदर्श पीएचसी मानसगांव और कोटा शहरी क्षेत्र के चार उप स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनपुरा, दसलाना, झालीपुरा और धाकड़खेड़ी का निरीक्षण किया और भवनों की स्थिति जांची। इस दौरान स्टॉफ की उपस्थिति चैक की और साफ–सफाई बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं हीटवेव के संबध में

■ **व्यवस्थाएं बेहतर रखने और कार्यक्रमों को गति देने के निर्देश**




सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने पीएचसी मानस गांव व उप स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनपुरा का निरीक्षण किया।

तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनश्चित करने सहित व्यवस्थाएं बेहतर रखने के स्टाफ को निर्देश दिए। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी ली और सभी के लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। एनसीडी कार्यक्रम व टीबी मुक्त 100 दिवसीय अभियान को गति देने के निर्देश दिए।

स्टाफ को मुख्यालय पर ही रहने एवं ड्रेस कोड में रहने के लिए पाबंद किया और सर्वे कार्यों के बारे में स्टॉफ से चर्चा की। स्थानीय निवासियों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान कीट विज्ञानी डीपी चौधरी और यूपीएम डॉ. अरविंद तिवारी भी उनके साथ रहे।

## एसडीएम को ज्ञापन दिया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। सकल दिगंबर जैन समाज रामगंजमंडी द्वारा बुधवार को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रामगंजमंडी के जीणोद्धार कराए जाने एवं 6 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को अभियुक्त बनाए जाने के विरोध में सकल दिगंबर जैन समाज ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। जैन मंदिर से समाज बंधु जुलूस के रूप में एसडीएम न्यायालय पहुंचे और उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन 6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है वह समाज की सेवा में सदा सक्रिय रहते हैं और कार्य करते रहते हैं। सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से ज्ञापन देते हुए कहा गया कि बाजार नंबर एक रामगंजमंडी में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर निर्मित है।

## रक्तदान शिविर 14 को

**रामगंजमंडी,** (निसं)। श्री श्याम फाउंडेशन एवं श्री श्याम सेवा समिति के सानिध्य एवं स्व. हरिबल्लभ गुप्ता की चतुर्थ पुण्य स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 14 अप्रेल मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

**Notice to Show Cause**
**(Appendix H Form 4)**
**In the High Court of Judicature for Rajasthan at- Jaipur**
**Taj Mohammad through LRs**
**V/s**
**Abdul Wahid & Ors.**
**S.B./D.B. Civil Writ petition No. 14135/2016**
To,
**Respondent No. 2/3**: Khurshid Bano W/o Raffik Mohd. R/o Lakheri, District Bundi, Raj.
**Respondent No. 4/5:** Mobin Bano W/o Not known, Bhim Ganj Mandi, Kota Junction, Kota
**Respondent No. 4/7:** Guddo D/o Abdul Sattar Minor through father Abdul Sattar, Talab Para, Baran Raj.
Whereas the above named petitioner has made a writ petitions to this court under Article 226 of the Constitution of India, a copy of which is enclosed.
You are hereby informed that you may appear in person or by a pleader duly instructed on the: 06/4/26 at to show cause why the writ petition should not be admitted failing which the said writ petition will be heard and admitted Ex-Party.
Given under my hand and the seal of Court, this... day 30/3/26
मोहर अदालत
**प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक**
**राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर**